# जयपुर के सिविल लाईन में बड़े पैमाने पर हुई चोरी का पर्दाफाश, नौकर गिरफ्तार

## आरोपी से 32.57 लाख रुपए की नगदी और सोने-चांदी के आभूषण बरामद



सोडाला थाना पुलिस ने वीआईपी क्षेत्र सिविल लाईन में पिछले दिनों हुई चोरी का पर्दाफाश करते हुए आरोपी नौकर को गिरफ्तार किया है।

**जयपुर।** सोडाला थाना पुलिस ने वीआईपी क्षेत्र सिविल लाईन में पिछले दिनों हुई लाखों रुपयों की नकदी और जेवरातों की चोरी का पर्दाफाश करते हुए आरोपी नौकर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी के 32.57 लाख की नगदी और लाखों रुपयों के सोने-चांदी के आभूषण भी बरामद किए है। पुलिस आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है।

गिरफ्तार आरोपी ग्यारसीराम उर्फ लक्ष्मण पुत्र सरदार सिंह (45) मूलत: पीजी कॉलेज गेट, तिवाडी बाग रेल्वे स्टेशन के पास कोतवाली धौलपुर हाल भगत वाटिका लेन नं-04 सिविल लाईन सोडाला में घरेलू नौकर का काम करता था।

जयपुर (दक्षिण) के पुलिस उपायुक्त दिगंत आनंद ने बताया कि गत 30 मार्च को सुरेश कुमार अग्रवाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी, कि उनका नौकर आरोपी ग्यारसीराम उर्फ लक्ष्मण उनके मकान से लाखों रुपयों नगदी और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गया हैं। उन्होंने यह बताया कि वारदात के बाद से ग्यारसी राम ने अपना मोबाइल भी बंद कर लिया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एक स्पेशल टीम का गठन किया गया। टीम ने आरोपी को पकडने के लिए घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की गहन जांच की और जयपुर से बाहर निकलने वाले मार्गों पर लगे टोल नाकों, बस स्टॉप, मोबाइल दुकानों एवं होटलों में जुटी जानकारी का लाभ उठाते हुए आरोपी की तलाश शुरू की। सीसीटीवी फुटेज और संबंधित मोबाइल नंबरों की तहकीकात के बाद, पुलिस ने पाया कि आरोपी ग्यारसीराम (लक्ष्मण) धौलपुर होते हुए आगरा, उत्तर प्रदेश की ओर रवाना हुआ था। आगरा में, पुलिस टीम ने मोबाइल दुकानों, होटलों, बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन के आसपास जांच चलाते हुए लक्ष्य पर नजर रखी। लगभग 70 होटल, धर्मशालाओं और गेस्ट हाउस की छानबीन के बाद, होटल श्रीराम में आरोपी का पता चला।

पुलिस ने बताया कि जांच में सामने आया कि गुजरात, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश व राजस्थान के विभिन्न संभावित स्थानों पर आरोपी की तलाश के लिए तकनीक एवं परंपरागत दोनों तरीकों का इस्तेमाल किया गया। आरोपी के मोबाइल के रिकॉर्ड और संदिग्ध वाहनों की जानकारी के आधार पर पुलिस ने कदम दर कदम आगे बढ़ते हुए अपराधी तक पहुंच कर उसे दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि पुलिस के भय से वह धौलपुर में स्थित अपने कमरे से माल छुपाने के लिए आगरा के होटल श्रीराम में रुक गया था।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इस वारदात में बरामद सामान में 32 लाख 57 हजार 665 रुपए की नगदी और लाखों रुपए के मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण शामिल हैं, जिनमें चिड़िया, हार, चैन, टॉप्स, अंगुठिया, सिक्के, पायजेब, बेल्ट का बक्कल, सिढी आदि बरामद कर लिया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी नौकर ने एक डिस्पोजल प्लेट पर जानलेवा धमकी भरा संदेश भी लिखा। जिसमें आरोपी ने लिखा कि अगर उसका पीछा किया या ये बात बाहर आई तो किसी एक की मौत पक्की है, उसके सिर पर खून सवार है।

# ई.डी. ने जयपुर में ड्राई फ्रूट व्यापारी भरत दाधीच के मारी छापा

**जयपुर।** बहुचर्चित महादेव बैटिंग ऐप के मामले में छत्तीसगढ़ से आई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम बुधवार सुबह जयपुर के सोडाला इलाके में स्थित एप्पल रेजीडेंसी में ड्राई फ्रूट व्यापारी भरत दाधीच के यहां छापा मारा।

छापेमारी के दौरान कई डिजिटल और दस्तावेजी सबूत बरामद किए गए हैं। जिनमें से कुछ अहम तथ्य इलीगल सट्टेबाजी रैकेट में शामिल प्रभावशाली लोगों की संलिप्तता को उजागर करते हैं। छापेमारी का यह अभियान अब भी जारी है और आगामी दिनों में और भी बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है। महादेव बैटिंग ऐप से जुड़े लोगों के 60 ठिकानों पर ईडी की ओर से छापेमारी की जा रही है। इसमें छत्तीसगढ़, भोपाल, कोलकाता, दिल्ली और राजस्थान में सर्च की कार्रवाई जारी है। जिसमें कई बड़े राजनेताओं, सीनियर नौकरशाहों, पुलिस अधिकारियों, महादेव बुक के मुख्य संचालकों और अन्य निजी व्यक्तियों के ठिकानों पर छापा मारा गया।

गौरतलब है कि महादेव बुक पिछले कुछ सालों में भारत में सबसे बड़े ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म्स में से एक बन चुका है। ये अवैध रूप से करोड़ों रुपए का लेन-देन करता है और ऐप व वेबसाइट के जरिए क्रिकेट, फुटबॉल जैसे खेलों पर सट्टा लगवाता है। इसका नेटवर्क देशभर में फैला हुआ है और इसमें कई रसूखदार लोग भी शामिल हैं।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी पिछले साल इस घोटाले की जांच की थी और कई करोड़ रुपए की संपत्तियां जब्त की थी और साथ ही महादेव बुक से जुड़े कुछ लोगों की गिरफ्तारी भी हुई थी। जहां ईडी टीम को जयपुर से मनी लॉन्ड्रिंग, क्रिप्टो और शैल कंपनियों से जुड़े सबूत मिले थे। इसी के चलते ईडी की टीम ने अलग-अलग जगहों छापेमारी की है।

# नकबजनी की वारदात करने वाले गिरफ्तार



करणी विहार थाना पुलिस ने दो शातिर नकबजनों को धर-दबोचा है।

**जयपुर।** करणी विहार थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकबजनी की वारदात करने वाले दो शातिर नकबजनों को धर-दबोचा है। पुलिस की प्रारम्भिक जांच में सामने आया कि आरोपित नशे-पते और अन्य मौज-मस्ती के लिए सूने मकानों की रेकी कर चोरी की वारदात को अंजाम देते है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि करणी विहार थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकबजनी की वारदात करने वाले समीर हरिजन निवासी पचेवर जिला टोंक हाल करणी विहार जयपुर और विशाल शर्मा निवासी गिरधारीपुरा करणी विहार जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों से चोरी का माल बरामदगी के प्रयास कर रही है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपित नशे-पते और अन्य मौज-मस्ती के लिए सूने मकानों की रेकी कर चोरी करना कबूला है।

# कांग्रेस में सहयोगी नेता को नाकारा और निकम्मा कहने की परंपरा : मदन राठौड़

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस के ईडी को लेकर किए जा रहे विरोध प्रदर्शन पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस का इतिहास जनता के पैसे की लूट का रहा है और जब उन पर कार्रवाई होने लगती है तो रोने धोने का ढोंग करने लग जाते है। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने अपराध नहीं किया है तो वे अपनी बात कोर्ट में रखे और जांच एजेंसियों को सहयोग करें। इसके लिए हंगामा और समर्थकों के साथ में बिना बात नौटंकी की कहां जरूरत है।

राठौड़ ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा के बयान पर टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि आज कल उनके बयान खिसियानी बिल्ली खंभा नौचे वाली कहावत को चरितार्थ कर रहे है। हमारे यहां परिवार भाव से पार्टी में काम होता है, उनके यहां एक परिवार के लिए काम किया जाता है। यहीं कारण है कि सोनिया-राहुल की करोड़ों रूपए की लूट पर पर्दा डालने के लिए विरोध प्रदर्शन की नौटंकी की जा रही है। उन्होंने कहा कि डोटासरा जी को आजकल कोई पूछ नहीं रहा है, इसलिए वे अनर्गल प्रलाप करने लगे है। कांग्रेस में ही अपने सहयोगी एवं समकक्ष नेता को नाकारा और निकम्मा कहने की परंपरा है और अध्यक्ष की नेमप्लेट को उखाड फेंकने का रिवाज है। राहुल गांधी ने तो सदन में बिल के पैपर्स तक फाड़ दिए थे, इस प्रकार की अनुशासनहीनता कांग्रेस में ही देखने को मिल सकती है। भाजपा में कार्यकर्ता एक दूसरे का पूरक होता है, इसलिए वो हमारी चिंता ना करें।

# बूथ लेवल एजेंटों का प्रशिक्षण शुरू

**जयपुर।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने देश के राजनीतिक दलों की जमीनी स्तर पर भूमिका और भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से इन दलों के बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) को प्रशिक्षण देने की पहल की है। आयोग के प्रशिक्षण संस्थान इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट (आईआईआई डीईएम), नई दिल्ली में बुधवार से बिहार के 10 मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के लगभग 280 बीएलए के लिए 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ इस नवाचार का शुभारम्भ हुआ।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी ने अपनी तरह के पहले प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को संबोधित किया।

# दोस्ती नहीं करने पर युवक ने किया फायर

**जयपुर।** रामनगरिया थाना इलाके में दोस्ती करने से इनकार करने पर एक युवती ने युवती पर देशी कट्टे से फायर कर दिया। गोली युवती के हाथ को छूकर निकल गई। हमले में घायल युवती को अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। घटना के बाद फरार आरोपी की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार खेड़ली अलवर निवासी एक 24 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया कि वह डी मार्ट में काम करती है। आरोपी विनोद मीणा उसके काम पर आने-जाने के दौरान उससे दोस्ती गांठने के लिए परेशान करता था। युवती ने उससे दोस्ती करने से इनकार कर दिया तो आरोपी एक दिन कार लेकर आया और उस पर फायर कर फरार हो गया।

गोली उसके हाथ को छूकर निकल गई। जांच अधिकारी एसआई रामधन ने बताया कि युवती शादीशुदा बताई जा रही है और आरोपी भी उसका रिश्तेदार बताया जा रहा है। पीडिता डी मार्ट में काम करती है और आरोपी उससे दोस्ती करना चाहता था लेकिन युवती के इनकार करने पर आरोपी ने उस पर देशी कट्टे से फायर कर दिया।

गोली युवती के हाथ को छूकर निकल गई। घायल युवती को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। युवती एसकेआईटी के पास किराए से रहती है। आरोपी विनोद मीणा की तलाश की जा रही है। घटना 13 अप्रैल की सुबह करीब 11 बजे की है। घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे है।

# फरार चल रहे चार स्टैंडिंग वारंटी गिरफ्तार

**जयपुर।** विधायकपुरी थाना पुलिस ने स्टूडेंट वारंटियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए काफी समय से फरार चल रहे चार स्टेडिंग वारंटियों को पकड़ा है। उन्हें पूछताछ के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि विधायकपुरी थाना पुलिस ने स्टूडेंट वारंटियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए काफी समय से फरार चल रहे स्टैंडिंग वारंटी समीर मंसूरी निवासी जालूपुरा जयपुर,मुजीब खान निवासी जालुपूरा जयपुर,अब्बास खान निवासी जालूपुरा जयपुर और अनिल गुप्ता निवासी झोटवाड़ा जयपुर को गिरफ्तार किया गया है।

## सार-समाचार

### अग्नि निरोधक समिति की बैठक



**जयपुर।** अग्नि निरोधक समिति अध्यक्ष पारस जैन की अध्यक्षता में नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय में अग्नि निरोधक समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें समिति सदस्य, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, अग्निशमन अधिकारी, सहायक अग्निशमन अधिकारी तथा फायर शाखा के कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मनाये जा रहे राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान अग्निशमन संबंधी जागरूकता कार्यक्रम के तहत आमजन को आग से बचाव किये जाने संबंधी जागरूकता के सम्बन्ध में जानकारी व फायर एनओसी के संबंध में चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त अग्निशमन शाखा में आधुनिक अग्निशमन वाहन क्रय हेतु एवं फायर स्टेशनों पर फायरमैनों की समस्या व समाधान, अग्निशमन, सहायक अग्निशमन अधिकारियों से जोन में संबंधी समस्याओं पर भी चर्चा की गई।

### रतना कौशिक की दो पुस्तकों का लोकार्पण




**जयपुर।** लेखिका रतना कौशिक की सद्य प्रकाशित दो पुस्तकों "अहसासों की इबारत" कहानी संग्रह एवं उपन्यास "अधूरी दास्तां चांदनी" का लोकार्पण हाल ही में स्वर्णमहल जयपुर में हुआ। समारोह की अध्यक्षता की सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं कर्मठ प्रशासक आदरणीय सूरज सिंह नेगी ने, मुख्य अतिथि रहे डॉ बजरंग सोनी एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ गरिमा शर्मा, अति विशिष्ट अतिथि थे सीए अनिल कौशिक, चंद्र प्रकाश शर्मा, डॉ सुनीता विश्नोलिया एवं निरुपमा चतुर्वेदी, "सपनाज ड्रीम्स चैरिटबल ट्रस्ट" एवं "नारी कभी नारी न हारी" की संस्थापक अध्यक्ष वीना चौहान , नीलम सपना शर्मा एवं आतिथेय राजेंद्र भारद्वाज ने उपस्थित सभी स्वजनों, साहित्य सेवियों एवं सम्माननीय अतिथियों का अभिनन्दन कर समारोह का शुभारंभ किया।

### स्वच्छ नगर समाचार पत्रिका का विमोचन



**जयपुर।** स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव राजेश यादव ने बुधवार को निदेशालय के सभागार में स्वच्छ नगर समाचार मासिक न्यूज़ लेटर का विमोचन किया। इस अवसर पर राजेश यादव ने कहा कि इस मासिक पत्रिका के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन शहरी में किये जा रहे है प्रयासों को प्रदर्शित किया जायेगा जैसे घरेलू एवं सामुदायिक कंपोस्टिंग, कचरे से उपयोगी वस्तुओं के निर्माण (वेस्ट टू वेल्थ) जैसे विषयों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नगरीय निकायों, स्वयं सहायता समूह और स्टार्टअप के अनुभव आदि के बारे में इस मासिक पत्रिका में प्रकाशित किया जाएगा जिस से आमजन को प्रेरणा मिले और वे मिशन मे अपनी सक्रिय भागीदारी देवे। उन्होंने बताया कि मासिक न्यूज़ लेटर इ पत्र के रूप में स्वायत्त शासन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध होगा। इस दौरान स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक एवं विशष्ट सचिव इंद्रजीत सिंह, निदेशक स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) श्वेता चौहान, मुख्य अभियंता प्रदीप गर्ग सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बालिका के पुनर्वास के लिये प्रतिकर दिया



**जयपुर।** रीटा तेजपाल, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश), जयपुर महानगर द्वितीय की अध्यक्षता में राजस्थान पीड़ित प्रतिकर स्कीम एवं विधिक सहायता के तहत अधिवक्ता को देय मानदेय एवं अण्डर ट्रायल रिव्यू समिति की मीटिंग का आयोजन किया गया।

# फिर गूंजी शहनाई, कई जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

**जयपुर।** सूर्य की राशि बदलने के बाद शादियों सहित मांगलिक आयोजनों का दौर एक बार फिर शुरू हो गया है। बुधवार को विवाह की शहनाई सुनाई दी। नवसंवत्सर के बाद शुरू होने वाले विवाह आयोजन में 22 सावे ऐसे है जो मुहूर्त के हिसाब से है और 5 अबूझ सावे ऐसे है जिनमें विवाह आयोजन हो सकेंगे। 14 अप्रेल से 6 जुलाई तक 82 दिनों में 28 विवाह मुहुर्त रहेंगे। इसके अलावा 10 मुहूर्त ऐसे है जिसमें गृह प्रवेश, गृहारंभ, यज्ञोपवीत सहित अन्य मांगलिक कार्य भी भी रहेंगे। ये सभी मुहूर्त 6 जुलाई तक रहेंगे। इसके बाद 1 नवंबर को देव शयन को चले जाएंगे।

ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि 14 अप्रैल को ग्रहों के राजा सूर्यदेव ने राशि परिवर्तन कर लिया है। सूर्यदेव ने मीन राशि को छोडक़र अपनी न उच्च राशि मेष में प्रवेश कर किया है। जिसके साथ ही मलमास समाप्त हो गया है। जिससे वैवाहिक एवं मांगलिक आयोजन का पहला चरण शुरू हो गया है। जो 6 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान विवाह, गृह प्रवेश, गृहारंभ, यज्ञोपवीत जैसे मांगलिक कार्य शुरू हो गए है। इस बार दोष रहित 10 रेखा के 2 सावे रहेंगे। 9 रेखा के 2 सावे, 8 रेखा के 6 सावे और 7 रेखा के 8 सावों पर वैवाहिक आयोजन हो सकेंगे।

# हाईवे पर लूटपाट करने वाले दो बदमाश दबोचे

**जयपुर।** करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कार्रवाई करते हुए ट्रक चालकों से हाईवे पर लूटपाट करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने लूटी गई राशि,मोबाइल सहित वारदात में प्रयुक्त नकली पिस्टल,धारदार चाकू सहित एक दुपहिया वाहन भी जब्त किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कार्रवाई करते हुए ट्रक चालकों से हाईवे पर लूटपाट करने वाले फारुख खान और वाहिद को गिरफ्तार किया है और दोनो ही आरोपित हसनपुरा जयपुर के रहने वाले है।

# कांग्रेस में सहयोगी नेता को नाकारा और निकम्मा कहने की परंपरा : मदन राठौड़

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस के ईडी को लेकर किए जा रहे विरोध प्रदर्शन पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस का इतिहास जनता के पैसे की लूट का रहा है और जब उन पर कार्रवाई होने लगती है तो रोने धोने का ढोंग करने लग जाते है। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने अपराध नहीं किया है तो वे अपनी बात कोर्ट में रखे और जांच एजेंसियों को सहयोग करें। इसके लिए हंगामा और समर्थकों के साथ में बिना बात नौटंकी की कहां जरूरत है।

- **'कांग्रेस नेताओं ने जब नहीं किया अपराध तो हंगामा और बिना बात नौटंकी क्यों?'**

राठौड़ ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा के बयान पर टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि आज कल उनके बयान खिसियानी बिल्ली खंभा नौचे वाली कहावत को चरितार्थ कर रहे है।

हमारे यहां परिवार भाव से पार्टी में काम होता है, उनके यहां एक परिवार के लिए काम किया जाता है। यहीं कारण है कि सोनिया-राहुल की करोड़ों रूपए की लूट पर पर्दा डालने के लिए विरोध प्रदर्शन की नौटंकी की जा रही है। उन्होंने कहा कि डोटासरा जी को आजकल कोई पूछ नहीं रहा है, इसलिए वे अनर्गल प्रलाप करने लगे है। कांग्रेस में ही अपने सहयोगी एवं समकक्ष नेता को नाकारा और निकम्मा कहने की परंपरा है और अध्यक्ष की नेमप्लेट को उखाड फेंकने का रिवाज है। राहुल गांधी ने तो सदन में बिल के पैपर्स तक फाड़ दिए थे, इस प्रकार की अनुशासनहीनता कांग्रेस में ही देखने को मिल सकती है। भाजपा में कार्यकर्ता एक दूसरे का पूरक होता है, इसलिए वो हमारी चिंता ना करें।

# बातों में उलझा कर पर्स आई.डी. एवं रुपये छीनने वाले शातिर बदमाश को पुलिस ने दबोचा

- **राह चलते राहगीरों को रोक कर उनको गाडी टच होने या गाली गलौज का बहाना कर टंगड़ी मार कर देते हैं वारदात को अंजाम**
- **आरोपी 13 दिन पहले जेल से छूटा था बदमाश और बाहर आते ही दिया करीब डेढ दर्जन वारदात**

**जयपुर।** विधायकपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बातों में उलझा कर पर्स आईडी एवं रुपये छीनने वाले शातिर बदमाश को पकडा है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपित राह चलते राहगीरों को रोक कर उनको गाडी टच होने या गाली गलौच का बहाना कर टंगड़ी मार कर वारदात को अंजाम देता है। साथ ही आरोपित वर्ष 2016 से अब तक सैकड़ों वारदातों को अंजाम दे चुका है और उसके खिलाफ करीब एक दर्जन पुलिस थानों में करीब दो दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। जो 13 दिन पहले जेल से छूटा और बाहर आते ही करीब डेढ दर्जन वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि विधायकपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बातों में उलझा कर पर्स आईडी एवं रुपये छीनने वाले शातिर बदमाश शाकिर उर्फ बच्चा निवासी भट्टा बस्ती जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपित नशे की लत के कारण झपटमारी की वारदातों को अंजाम देता है और एक दिन में 2-3 वारदातों के बाद 2-3 दिन शांत रहता है और फिर चालू करता है। पछताछ पर आरोपी ने स्वीकार किया कि 2016 से अब तक इतनी ज्यादा वारदातों को अंजाम दिया कि सही से संख्या तक याद नहीं है। आरोपित ने थाना सदर, शास्त्री नगर, भट्टा बस्ती, विश्वकर्मा, गलता गेट, खोनागोरियान, मुरलीपुरा, बजाज नगर, गांधीनगर आदि ईलाका थानों में इस तरह की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है। आरोपी चोरी की मोटरसाइकिल से वारदात को अंजाम देते हैं। एक शख्स बाईक पर बैठा रहता है और दसरा शख्स बाइक से उतर कर गाड़ी टच होने या गाली - गलौच का बहाना बना कर टंगड़ी मार कर राहगीर का पर्स, रुपये अथवा अन्य कीमती सामान छीन कर फरार हो जाते हैं। पुलिस द्वारा पकडे जाने पर खुद ही अपने शरीर पर ब्लेड मार लेते हैं ताकि पुलिस पूछताछ ना कर सके। 15 अप्रैल 2025 को वारदात के बाद को पकडे जाने पर तुरंत ही अपने शरीर पर ब्लेड मार ली थी।

# टंगड़ी मार गिरोह के तीन शातिर बदमाश गिरफ्तार



संजय सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए टंगड़ी मार गिरोह के तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

**जयपुर।** संजय सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए टंगड़ी मार गिरोह के तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जो राह चलते राहगीरों के टांग अड़ाकर मोबाइल और रुपये छीनने की वारदात करते है। पुलिस ने आरोपियों के पास सेलूटे गए 19 हजार रुपये और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपित भोले भाले व्यक्तियों को चिन्हित कर अंजाम वारदात को देते थे। जो नशे के शौक और मौज मस्ती के लिए रुपयों की जरूरत पूरी करने के लिए वारदात करते है आरोपियों ने पूछताछ में डेढ़ दर्जन से अधिक वारदातों को अंजाम देना कबूला है। बताया जा रहा है कि वारदात करते समय एक आरोपित की टांग (पैर) टूट गया। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) राशि डूडी डोगरा ने बताया कि राह चलते राहगीरों के टांग अड़ाकर मोबाइल और रुपये छीनने वाले टंगड़ी मार गिरोह के शातिर बदमाश रेहान उर्फ नना निवासी गलता गेट जयपुर, बरकतुल्लाह उर्फ बरकत अली निवासी गलता गेट जयपुर और समीर उर्फ शमी निवासी गलता गेट जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटे गए 19 हजार रुपये और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है।आरोपियों ने पूछताछ में आधा दर्जन से अधिक वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है।